Raj Express (Indore), 20th June 2026, Page - 04

यह रैंकिंग अनुसंधान उत्कृष्टता, शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक सहभागिता के क्षेत्रों में संस्थान की निरंतर प्रगति को है दर्शाती

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में आईआईटी इंदौर को 546वीं रैंक

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में वैश्विक स्तर पर 546 वीं रैंक प्राप्त की है। यह उपलब्धि विश्व के अग्रणी उच्चतर शिक्षण संस्थानों के बीच संस्थान की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान व शैक्षणिक प्रतिष्ठा को ओर सुदृढ़ करती है। यह नवीनतम रैंकिंग अनुसंधान उत्कृष्टता, शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक सहभागिता के क्षेत्रों में संस्थान की निरंतर प्रगति को दर्शाती है।

आईआईटी इंदौर ने साइटेशन्स प्रति फैकल्टी श्रेणी में 97.4 का उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त किया है, जो संस्थान के संकाय सदस्यों की ओर से किए जा रहे उच्च गुणवत्ता वाले व प्रभावशाली अनुसंधान कार्यों को प्रतिबिंबित करता है। 30.1 के समग्र स्कोर के साथ आईआईटी इंदौर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अत्याधुनिक अनुसंधान, अंर्तविषयी नवाचार व अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर विशेष ध्यान देते हुए वैश्विक उच्चतर शिक्षा परिदृश्य में अपनी स्थिति को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

इस तरह होता है विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन विभिन्न मानकों के आधार पर करती है, जिनमें शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय-विद्यार्थी अनुपात, साइटेशन्स प्रति फैकल्टी, अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, रोजगार परिणाम व अंतरराष्ट्रीयकरण से संबंधित संकेतक शामिल हैं। वर्ष 2027 की रैंकिंग में आईआईटी इंदौर का प्रदर्शन शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली अनुसंधान, नवाचार व सामाजिक योगदान के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि आईआईटी इंदौर को एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान के रूप में और अधिक सशक्त बनाती है, जो ज्ञान के संवर्धन, नवाचार को प्रोत्साहन व शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से समकालीन चुनौतियों के समाधान के लिए समर्पित है।